एक नजर

इन्दर कौर सचदेवा की पुण्यतिथि पर सजेगी कवि सम्मेलन और मुशायरे की महफिल

कटरा शिवदयालगंज गोण्डा। सरदार प्रताप सिंह मेमोरियल सचदेवा एकेडमी, नवाबगंज की संस्थापिका स्मृतिशेष इन्दर कौर सचदेवा की 22वीं पुण्यतिथि पर बुधवार, 11 नवंबर को भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। सचदेवा एकेडमी परिसर में रात आठ बजे से साहित्य और शायरी की यह महफिल सजेगी ।कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र सिंह सचदेवा एवं सतपाल सिंह सचदेवा ने बताया कि संस्थापिका की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह साहित्यिक आयोजन इस बार भी काव्य और शायरी के विविध रंगों से सराबोर रहेगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिष्ठित कवि एवं शायर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे ।आयोजन में मध्य प्रदेश से अकबर ताज, लखनऊ से रश्मि शरद और इलाहाबाद से राजकुमार अंजाना प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इनके अलावा उस्ताद मुजीब सिद्दीकी, शिव पूजन शुक्ल, डॉ. नागेंद्र अनगुन, शकील फूलपुरी, हंस सिद्दीकी, रवीन्द्र पांडेय %रवि%, असलम फूलपुरी, याकूब अज्म गोंडवी, पीके प्रचंड, केके सिंह %दीप%, ए. रजा बहराइची, मेराज शिवपुरी, इमरान मसूदी और अभिषेक श्रीवास्तव सहित कई नामचीन रचनाकार अपनी रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर साहित्यिक महफिल का आनंद लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

करनैलगंज की सियासत में शारदेन मोहन सिंह की संभावित दावेदारी की चर्चा

झंझरी गोण्डा। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच करनैलगंज की सियासत में पूर्व विधायक स्वर्गीय कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के बड़े पुत्र कुंवर शारदेन मोहन सिंह की संभावित राजनीतिक दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बरगदी कोट राजघराने की राजनीतिक विरासत से जुड़े शारदेन मोहन सिंह को लेकर उनके समर्थक क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा रहे हैं ।करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में बरगदी कोट राजघराने का लंबे समय से राजनीतिक प्रभाव रहा है। स्वर्गीय लल्ला भैया ने कई बार विधायक बनकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक परिस्थितियों में पार्टी प्रत्याशी के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़कर जनता का समर्थन हासिल किया था। अब उनके पुत्र शारदेन मोहन सिंह को इसी राजनीतिक विरासत के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। समर्थकों के मुताबिक, शारदेन मोहन सिंह का सरल स्वभाव, सहज व्यवहार और लोगों से सीधा संवाद उनकी पहचान है। गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों के प्रति संवेदनशीलता तथा बुजुर्गों के प्रति सम्मान को भी उनकी प्रमुख विशेषताओं में गिनाया जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि वह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने की सोच रखते हैं। क्षेत्र में उनके पुराने जनसंपर्क और बरगदी कोट राजघराने से जुड़े समर्थकों के आधार को देखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी भूमिका को लेकर राजनीतिक चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, उनकी उम्मीदवारी और राजनीतिक दल से जुड़ाव को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा सामने नहीं आई है।

पटाखा लाइसेंस के नाम पर वसूली, दो पुलिसकर्मी निलंबित

गोण्डा। पटाखा लाइसेंस के लिए रिपोर्ट लगाने के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली करना दो पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी अजीत सिंह और महिला आरक्षी सुमन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है ।बताया जाता है कि दीपावली के दौरान पटाखा लाइसेंस से जुड़े मामलों में पुलिसकर्मियों द्वारा दुकानदारों से अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाते हुए दो अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को जांच सौंपी थी ।जांच में दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई को विभागीय अनुशासन और भ्रष्टाचार के मामलों में सख्ती के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

बाइक-ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत, माँ और मासूम बेटे की मौत

गोण्डा। दुबहा बाजार-कटरा बाजार मार्ग पर चौहान पुरवा गांव के पास बाइक और गिट्टी-मोरंग लदी ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला, उसका देवर और नौ माह की मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और मासूम को मृत घोषित कर दिया ।थानाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने बताया कि दुबहा निवासी साबिर अली अपनी भाभी साकिया और नौ माह की भतीजी करिश्मा को बाइक से लेकर करनैलगंज दवा कराने जा रहे थे। चौहान पुरवा गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही गिट्टी-मोरंग लदी ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने साकिया और मासूम करिश्मा को मृत घोषित कर दिया।

दुकान में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक हुआ गिरफ्तार

गोण्डा। वजीरगंज थाना क्षेत्र में किराना दुकान में चोरी कर रहे एक युवक को दुकानदार ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का विभिन्न प्रकार का किराना एवं घरेलू उपयोग का सामान तथा चार हजार रुपये नकद बरामद किए हैं ।पुलिस के अनुसार, वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चाईपुरवा चंदापुर निवासी राजू गुप्ता की दुकान में नौ नवंबर की रात अरविन्द निषाद पुत्र मनीराम निषाद निवासी चंदापुर चाईपुरवा चोरी कर रहा था। वह दुकान से साबुन, सर्फ, शैंपू समेत अन्य सामान निकालने के साथ ही गल्ले में रखे चार हजार रुपये भी चुरा रहा था। इसी दौरान दुकानदार की नजर उस पर पड़ गई। दुकानदार ने तत्परता दिखाते हुए उसे चोरी के सामान सहित मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया ।लिखित तहरीर के आधार पर वजीरगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से व्हील सर्फ के 10 पैकेट, फेना सर्फ के 10 पैकेट, लाइफबॉय साबुन, पतंजलि नीम साबुन, फेना महावर साबुन, बर्तन धोने वाले साबुन, सेवलॉन हैंडवॉश, क्लिनिक प्लस शैंपू के पाउच, हार्पिक सहित विभिन्न सामान और चार हजार रुपये नकद बरामद किए हैं ।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित अरविन्द निषाद के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की है। मामले में थाना वजीरगंज पुलिस की टीम ने कार्रवाई की।

तेरहवीं भोज सीमित दायरे में हो, सनातन परंपराओं के पालन पर दिया जोर

गोण्डा। मृत्यु के बाद होने वाले क्रिया-कर्म सनातन परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराए जाने चाहिए। तेरहवीं पर भोज का आयोजन भी सीमित दायरे में परिवार, मोहल्ले और गांव तक ही रखा जाना चाहिए। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने सोमवार को तरबगंज क्षेत्र के ताराडीह गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. दीपक शुक्ला के तेरहवीं संस्कार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मृतक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि सनातन परंपराओं का सम्मान करते हुए श्रद्धा और संवेदना के साथ क्रिया-कर्म संपन्न करना है। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपस्थित तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने भी जिलाध्यक्ष के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति हृदय से संवेदना व्यक्त करना और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देना ही सच्चा मानवीय धर्म है।

भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मणि श्रीवास्तव ने बताया कि तेरहवीं संस्कार में ताराडीह, पकड़ी, जमथा और अमदही सहित आसपास के गांवों के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। इनमें अजय सिंह, त्रियुगी नारायण शुक्ला, अनिल सिंह, अशोक सिंह, जीतू सिंह, राजेश पांडेय, माता प्रसाद पांडेय, श्रीकृष्ण, डॉ. अनिल सिंह, पप्पू पांडेय, रविंद्र पांडेय, राहुल सिंह, शिवराम पांडेय, आनंद पाल शुक्ला, संदीप तिवारी, राहुल दूबे, गिरीश पाठक, केपी सिंह, कौशल किशोर सिंह, मनोज दूबे, अवधेश तिवारी और प्रमोद तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ग्रामसभा की बेशकीमती जमीन के विनिमय पर मंडलीय न्यायालय का बड़ा फैसला



गोण्डा। ग्रामसभा की सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण और सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में राजस्व अभिलेखों की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंडल में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में करनैलगंज तहसील की ग्रामसभा नारायणपुर माझा बनाम जगदंबा प्रसाद से संबंधित महत्वपूर्ण राजस्व प्रकरण में अपर आयुक्त (प्रशासन-द्वितीय) न्यायालय के पीठासीन अधिकारी राजेश कुमार यादव ने 28 अक्टूबर 2026 को अंतिम आदेश पारित किया ।प्रकरण ग्रामसभा के खाते में दर्ज बंजर, नवीन परती और चरागाह की भूमि का निजी खातेदारों की भूमि से विनिमय किए जाने से संबंधित था। इसमें गोण्डा-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी ग्रामसभा की बेशकीमती भूमि भी शामिल थी। विनिमय की वैधानिकता को चुनौती देते हुए प्रस्तुत निगरानी में निजी भूमि के राजस्व अभिलेखों पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। आपत्ति थी कि विनिमय के लिए प्रस्तुत निजी भूमि के कुछ गाटे राजस्व अभिलेखों में नदी, खादर और परती के रूप में दर्ज थे। ऐसे में इनके बदले ग्रामसभा की बहुमूल्य सार्वजनिक भूमि का विनिमय किए जाने की वैधानिकता पर प्रश्न खड़े हुए।

आदेश पर तत्कालीन एसडीएम ने भी उठाए थे सवाल

मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया कि विनिमय से संबंधित 19 जुलाई 1996 के आदेश पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी करनैलगंज ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने 16 अगस्त 2003 को पत्र जारी कर अपने हस्ताक्षर होने से स्पष्ट इनकार किया था। उन्होंने संबंधित आदेश एवं पत्रावली पर हस्ताक्षर अपने न होने तथा उन्हें कूटरचित बताया था। वहीं, तहसीलदार करनैलगंज की 31 जुलाई 2003 की जांच आख्या में भी संबंधित विनिमय आदेश को अविधिक बताया गया था ।निगरानी की सुनवाई के दौरान ग्रामसभा को समुचित अवसर दिए जाने, विनिमय की निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया तथा सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण से जुड़े विभिन्न विधिक एवं राजस्व संबंधी बिंदुओं को न्यायालय के समक्ष रखा गया। मंडलीय शासकीय अधिवक्ता वीपी तिवारी ने शासन एवं ग्रामसभा का पक्ष प्रस्तुत किया ।उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 333 के अंतर्गत प्रस्तुत निगरानी पर सुनवाई के बाद अपर आयुक्त (प्रशासन-द्वितीय) न्यायालय ने 28 अक्टूबर 2026 को अंतिम आदेश पारित किया।

सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण पर मंडलायुक्त का जोर

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर देवीपाटन मंडल के सभी जनपदों में ग्रामसभा की सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण, राजस्व अभिलेखों के नियमित परीक्षण तथा सरकारी भूमि से संबंधित प्रकरणों में पारदर्शिता बरतने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन को ऐसे मामलों में नियमानुसार प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मां की तहरीर पर पुलिस ने किया दर्ज दुष्कर्म का मुकदमा

श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र के एक गांव में मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मासूम की मां की शिकायत पर गांव के 15 वर्षीय किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मां की शिकायत के मुताबिक, 7 नवंबर की शाम करीब 6 बजे बालिका घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान किशोर उसे खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी ।इसके बाद मां ने इकौना थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोर को अपनी निगरानी में लेकर पूछताछ की। इसके बाद उसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया गया।

आग लगाने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर क्षेत्र अन्तर्गत दीपावली की रात बरगदहा गांव निवासी रामदुलारे पुत्र ननकू का फूस का मकान जल गया।

आग में घर का सामान और गाड़ी भी जल गई। गाड़ी में धमाका भी हुआ ।आग देर रात अज्ञात कारणों से लगी। लपटें फैलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों से पानी डालकर और मिट्टी फेंककर आग बुझाई।

घर में रखा गेहूं, धान, चावल समेत खाद्यान्न, तखत, चारपाई, बिस्तर, पंखा, लकड़ी और अन्य घरेलू सामान जल गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव

श्रावस्ती। थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र के इटवरिया चौराहे के पास रंजीतपुर-कोड़ी मोड़ पर बीते रविवार को खेत में भरे पानी में एक युवक का शव उतराता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतक की पहचान अमवा कोड़री निवासी शिव कुमार वर्मा के रूप में हुई है। शिव कुमार शनिवार देर शाम किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। रविवार को उनका शव इटवरिया चौराहे के पास रंजीतपुर-कोड़ी मोड़ स्थित एक खेत में भरे पानी में उतराता मिला। शव देखते ही स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

अन्नकूट भंडारे का हुआ आयोजन,संत-महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रहण किया प्रसाद



बलरामपुर। वीर विनय चौक स्थित हनुमानगढी मंदिर में आयोजित श्रीहनुमत जयंती महोत्सव-2026 के पावन अवसर पर विशाल एवं भव्य अन्नकूट भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी,पूर्व सांसद एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा,तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला,बलरामपुर सदर विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री पल्टूराम,इकौना विधायक रामफेरन पान्डेय,उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा,पूज्य महंत बृजानंद (गेल्हापुर),छोटे बाबा (सोनबरसा),भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह एवं चंद्रप्रकाश सिंह 'गुड्डू', डॉ.अजय सिंह 'पिंकू',डीपी सिंह बैस,राधेश्याम वर्मा,संजय शर्मा,गोमती प्रसाद त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

दीपावली की रात जूते की दुकान में लगी भीषण आग, सब स्वाहा

तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय नई बाजार बलरामपुर रोड पर दीपावली की रात एक जूते की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरी दुकान जलकर राख हो गई और मकान मालिक के घर के तीन कमरे भी उसकी चपेट में आ गए। मोहल्लेवासियों की सूझबूझ और अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, नहीं तो आसपास की कई दुकानें भी आग की चपेट में आ जातीं। सूचना पर कुछ देर बाद दमकल की गाडी पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। मकान मालिक विनोद कुमार ने बताया कि दीपावली की रात लगभग आठ बजे दुकान के पीछे की खिडकी से धुआं निकलता दिखाई दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने दुकान का ताला तोडा तो अंदर भयंकर आग लगी हुई थी। इसके बाद लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी, डिब्बा और पाइप से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गए। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मकान मालिक विनोद कुमार ने बताया कि आग की लपटों ने उनके घर के तीन कमरों को चपेट में ले लिया। कमरों में रखा बांस से बना सामान जलकर राख हो गया, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा घर में रखा इनवर्टर, टीवी, बैटरी, टुल्लू पंप आदि भी जलकर नष्ट हो गए ।दुकानदार इजहार अहमद ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह शाम करीब साढे छः बजे दुकान बंद करके अपने गांव दीनाडीह चले गए थे। दुकान में जूता-चप्पल का काफी माल भरा हुआ था। आग में सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। इससे लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

फ्रिज कम्प्रेशर फटने से घर में लगी आग

जमुनहा, श्रावस्ती। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अचरौरा शाहपुर के मजरा भटपुरवा में शॉर्ट सर्किट से फ्रिज का कंप्रेशर ब्लास्ट हो गया। हादसे में घर में रखा सोफा, सोना और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान की बात सामने आई है ।बजे मनीष वर्मा अपने परिवार के साथ दूसरे घर में खाना खा रहे थे। इसी दौरान कमरे में रखे फ्रिज के पास शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते फ्रिज का कंप्रेशर जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। इसके बाद कमरे में आग लग गई और सोफा, सोना सहित अन्य कीमती सामान आग की चपेट में आ गया।

नारी संघ के सहयोग से ग्राम पंचायतों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम



कैसरगंज ,बहराइच। बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों के संरक्षण और यौन शोषण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से फावा वात्सल्य एवं अपराजिता सामाजिक समिति की ओर से नारी संघ के सहयोग से 14 से 25 नवंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत कैसरगंज क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विद्यालयों और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में सोमवार को अपराजिता सामाजिक समिति की संस्था सचिव किरण बैस ने पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने अभियान की रूपरेखा और इसे प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर भी चर्चा की। बताया कि अभियान में नारी संघ और अपराजिता की टीमें संयुक्त रूप से सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

अभियान के दौरान विद्यालयों, अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों को बाल अधिकारों, बच्चों की सुरक्षा, अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान तथा यौन शोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बच्चों को यह भी बताया जाएगा कि किसी भी अनुचित व्यवहार या असुरक्षित स्थिति में बिना डर और झिझक के अपनी बात विश्वसनीय व्यक्ति तक पहुंचाएं। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित थानों और मिशन शक्ति टीम का भी सहयोग लिया जाएगा। ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और पीड़ित बच्चों को उपलब्ध सहायता के माध्यमों की जानकारी दी जाएगी ।संस्था सचिव किरण बैस ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए पूरे समाज को आगे आना होगा। विद्यालय, परिवार, समुदाय और पुलिस विभाग के आपसी सहयोग से ही बच्चों के लिए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण तैयार किया जा सकता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल सुरक्षा के प्रति सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना और पॉक्सो अधिनियम की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाकर प्रत्येक बच्चे के अधिकारों एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

प्रविष्टियों को रोकने के संदर्भ में मानक संचालन प्रक्रिया के तहत आयोग ने जारी किये दिशा-निर्देश

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने हेतु पात्र नागरिकों द्वारा ऑफलाइन के अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यमों से भी आवेदन किया जाता है। ऐसा संज्ञान में आया है कि आवेदकों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से फार्म-6 जमा करने पर मोबाइल नम्बर पर रेफरेन्स नम्बर की सूचना प्राप्त न होने की दशा में एक से अधिक बार आवेदन कर दिया जाता है, जिसके कारण एक से अधिक प्रविष्टियों की समस्या उत्पन्न हो रही है ।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि पात्र नागरिकों द्वारा स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से भरे जाने वाले फार्म-6 की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के संदर्भ में मानक संचालन प्रक्रिया के तहत आयोग द्वारा जन सुविधा केन्द्रों के संचालकों हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। फार्म-6 भरते समय फार्म पर आवेदक अथवा उसके संबंधी का मोबाइल नम्बर अंकित किया जा सकता है। फार्म में दिया गया मोबाइल नम्बर इलेक्टर डाटा में ईपिक आई.डी. के साथ लिंक हो जाता है। फार्म-6 का फाईनल सबमिशन ई-साइन के बाद होता है एवं ई-साइन होने के पश्चात ही फार्म का रेफरेंस नम्बर जनरेट होता है। ई-साइन हेतु आवेदक द्वारा अपना आधार नम्बर देने के पश्चात आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी डालने पर ई-साइन सफलतापूर्वक कम्पलीट हो जाता है ।फार्म को ई-साइन द्वारा सबमिट करने पर फार्म सफलतापूर्वक जमा होने संबंधी मैसेज , जिससे फार्म जमा होने की पुष्टि हो जाती है। आवेदक द्वारा फार्म-6 में भरा जाने वाला मोबाइल नम्बर एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर अलग-अलग हो सकता है। फार्म 6 सबमिट होने पर रेफरेंस नम्बर उसी मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होता है जो फार्म-6 में अंकित किया गया है। भविष्य में इस रेफरेंस नम्बर की सहायता से आवेदन द्वारा ट्रैक भी किया जा सकता है ।जन सुविधा केन्द्र के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि फार्म भरते समय सम्बन्धित आवेदक का वास्तविक, सक्रिय मोबाइल नम्बर ही फार्म में अंकित किया जाए, जिससे कि सम्बन्धित आवेदक के मोबाइल नम्बर पर फाम सबमिट होने संबंधी सूचना प्राप्त हो जाए। जन सुविधा केन्द्र के संचालक द्वारा अपना स्वयं का मोबाइल नम्बर अथवा कोई काल्पनिक या गलत मोबाइल नम्बर आवेदक के मोबाइल नम्बर के स्थान पर कदापि अंकित नहीं किया जाना चाहिए ।कभी-कभी नेटवर्क की समस्या होने के कारण फार्म-6 में भरे गये मोबाइल नम्बर पर रेफरेंस नम्बर की सूचना प्राप्त नहीं होती है। फार्म ई-साइन होने के पश्चात् फार्म का रेफरेन्स नम्बर स्क्रीन पर भी प्रदर्शित होता है। ऐसे में आवेदक के मोबाइल नम्बर पर सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में स्क्रीन पर प्रदर्शित रेफरेन्स नम्बर का स्क्रीन शॉट लिया जाए अथवा रेफरेन्स नम्बर नोट कर आवेदक से साझा किया जाए, जिससे कि सम्बन्धित आवेदक के समान फार्म भरे जाने की पुनरावृत्ति न हो और आवेदक द्वारा अपने आवेदन की स्थिति भी ज्ञात की जा सके ।मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपिक) डाक विभाग द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को भेजा जाता है। फार्म में निवास का पता अपूर्ण अथवा गलत पिन कोड भरे जाने की स्थिति में डाक विभाग द्वारा इस प्रकार के मतदाता पहचान पत्र वापस कर दिये जाते हैं, इसलिए फार्म 6 भरते समय आवेदक द्वारा निवास का पूरा पता सही पिन कोड के साथ दिया जाना आवश्यक है, जिससे मतदाता को मतदाता पहचान पत्र सही पते पर ससमय प्राप्त हो सके। फार्म 6 भरते समय आवेदक का वास्तविक और सक्रिय मोबाइल नम्बर भरे जाने के कई लाभ भी होते हैं ।सक्रिय मोबाइल नम्बर भरे जाने पर आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने की पुष्टि संबंधी सूचना रेफरेंस नम्बर सहित आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होती है।

एक नजर

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम में हुआ संशोधन

बहराइच। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थापन का कार्य 02 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ हो गया है। निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन 17 नवम्बर 2026 को होगा तथा दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक होगी। दावों और आपत्तियों का निपटारा 28 दिसम्बर 2026 तक किया जायेगा तथा 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद की समस्त 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच, 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज के विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में जिन पात्र मतदाताओं को नाम सम्मिलित नहीं है तथा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, ऐसे नागरिक आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप-6 भरकर सम्बन्धित बूथ लेबिल आफिसर/कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में जमा कर सकते हैं अथवा आयोग के ऐप ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से भी सबमिट किये जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि कोई मतदाता अपनी प्रविष्टि में संशोधन कराना चाहता है, तो प्रारूप-8 भरकर जमा कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने जनपद के अर्ह मतदाताओं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

पीजी कॉलेज चाकूजोत में 13 नवम्बर को आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच द्वारा 13 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से शान्ती देवी सुभाष चंद्र सुशांत पी जी कॉलेज सुभाष नगर चाकूजोत में विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल की अध्यक्षता में एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेंले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की मुख्य रूप से अमेजन वेयर हाउस, फ्लिपकार्ट, स्वीगी इन्सटामार्ट, जोमैटो वेयर हाउस, ब्लिंकिट वेयर हाउस, एम.एस. सिसका इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट इन्टर प्राइजेज द्वारा प्रोडक्शन ट्रेनी, ब्राइट फयूचर हर्बल एण्ड आर्गेनिक आयुर्वेदिक प्रा.लि. सेल्स एग्जीक्यूटिव, यूनाइटेड यंग्स इन्डिया, पशुपति बायोटेक्नालाजी प्रा.लि., पुखराज हैल्थकेयर प्रा.लि., भारतीय जीवन बीमा निगम, जय भारत मारूति, विप्रो इन्फो मीडिया प्रा.लि., टाटा गोटेन ग्रीन एनर्जी, इमजिसरा मालिक्यूलस, एशियन इलेक्ट्रानिक्स एवं सुरक्षा क्षेत्र की एस.आई.एस. सहित 20 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं कौशल प्रशिक्षित आदि योग्यताधारी इच्छुक महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन कराकर कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता अनुसार अपना आवेदन कर पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपने समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन जमा करने के लिये विकसित की गई वेबसाइट

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन जमा करने हेतु वेबसाइट विकसित की गई है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि ऐसे पेंशनर्स या पारिवारिक पेंशनर्स जो अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत नहीं कर सके हैं, वे अपना जीवित प्रमाण पत्र जीवनप्रमाण डाट जीओवी डाट इन वेबसाइट के माध्यम से अपना बैंक खाता संख्या, पीपीओ संख्या एवं आधार नंबर फीड कराकर जीवन प्रमाण पत्र एप्लिकेशन से जमा कर सकते हैं अथवा अपने स्मार्टफोन के प्ले स्टोर से क्रमशः आधार फेस आरडी, फेस इंस्टॉल तथा पुनः प्ले स्टोर से ही जीवन प्रमाण पत्र इंस्टॉल कर ओपन कर अपना जीवन प्रमाण पत्र कोषागार बहराइच में प्रेषित कर सकते हैं ।वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि यह प्रमाण पत्र वर्ष में एक बार किसी भी माह में जमा किया जा सकता है। ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र उमंग ऐप के माध्यम से भी बायोमेट्रिक्स वेरिफिकेशन के साथ जमा किये जा सकते हैं। इसके लिए उन्हें कोषागार आने की अनिवार्यता नहीं होगी। यदि पेंशनर्स को अपना पीपीओ नंबर ज्ञात नहीं है तो कोषवानी डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन वेबसाइट के माध्यम से अपने खाता संख्या का विवरण भरकर पेंशन पेमेंट/पीपीओ नंबर ज्ञात कर सकते हैं ।वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कहा कि सेवानिवृत्त/पारिवारिक पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की यह सुविधा शासन द्वारा दी गई है, ताकि पेंशनर्स अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने को लेकर अन्यत्र कहीं भागदौड़ न करें और अपनी सुविधानुसार वेबसाइट का प्रयोग कर कहीं से भी प्रमाण पत्र दाखिल कर सकें। इस सुविधा से बुजुर्ग पेंशनरों तथा जनपद के बाहर या दूरदराज अन्यत्र रहने वाले पेंशनरों को सुविधा होगी। उन्होंने सभी पेंशनरों से इस सुविधा का लाभ उठाने तथा डिजिटल ऐप के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है।

जनपद की सभी गौशालाओं में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना गोवर्धन पूजा पर्व, गोवंश को खिलाया गया गुड़,केला व हरा चारा



अम्बेडकरनगर। जनपद की सभी गौशालाओं एवं गोवंश आश्रय स्थलों में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विधि.विधान से पूजा.अर्चना कर गोवंश की सेवा की गई। विभिन्न गौशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों भाजपा पदाधिकारियों ग्राम प्रधानों गणमान्य नागरिकों तथा प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की ।अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सिसवा अकबरपुर में कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने पूजा.अर्चना की। वहीं बृहद गो संरक्षण केंद्र अखलासपुरए रामनगर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी ने गोवर्धन पूजा संपन्न कराई। इसके अलावा जनपद की अन्य गौशालाओं में भाजपा मंडल अध्यक्षों ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी पूजा.अर्चना में हिस्सा लिया। गोवंश को गुड़ केला पशु आहार एवं हरा चारा खिलाकर उनकी सेवा की गई। गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में संबंधित खंड विकास अधिकारियों पंचायत सचिवों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया ।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों से गोवंश की सेवा सुरक्षा एवं संरक्षण के पुनीत कार्य में बढ़.चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।

जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर

अम्बेडकरनगर। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को अकबरपुर के सिंझौली में श्रम विभाग की ओर से विशाल श्रमिक जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड बीओसीडब्ल्यू की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। श्रमिकों का मौके पर ही पंजीकरण किया गया जबकि पहले से पंजीकृत श्रमिकों को नवीनीकरण की प्रक्रिया समझाई गई। ई.श्रम पोर्टल के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना की पात्रता लाभ पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में श्रमिकों के ई.श्रम कार्ड भी बनाए गए ।शिविर में यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप के प्रति श्रमिकों को विशेष रूप से जागरूक किया गया।

सूचना

मैंने अपना नाम MOHD AKRAM KHAN से बदलकर MOHD AKRAM रख लिया है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो. अकरम पुत्र मोहम्मद बकरीदीग्रा. टेढ़वा तप्पाबांक, सेखईया, उतरौला बलरामपुर।**